# सीधी के शिक्षक शैलेन्द्र प्रताप को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

## विज्ञान भवन में हुआ सम्मान समारोह, शिक्षा में नवाचार और समर्पण के लिए मिला राष्ट्रीय सम्मान, सीधी जिले का नाम हुआ गौरवान्वित

नवभारत न्यूज

**सीधी, 5 सितम्बर. शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में सीधी जिले के शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र प्रताप सिंह बालेंदु को देश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 से भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने सम्मानित किया।**

राष्ट्रपति के हाथों राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर श्री सिंह ने ना केवल अपने विद्यालय और जिले, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, समर्पण, सामाजिक सहभागिता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर शैलेन्द्र प्रताप सिंह का चयन राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए किया गया था। उनके नेतृत्व में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंजवार को नवाचार और शैक्षिक बदलाव का केंद्र बनाया गया।




विद्यालय में एफएलएन गार्डन, क्यूआर कोड आधारित शिक्षण सामग्री, आधारित शिक्षण, पोषण वाटिका, बिरसा मुंडा उद्यान, बाल संसद, साप्ताहिक छात्र प्रधानाध्यापक योजना एवं बैगलेस शनिवार जैसी अभिनव गतिविधियों को प्रभावी रूप से लागू किया गया। इन प्रयासों से विद्यार्थियों में सीखने की रुचि, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मकता को बढ़ावा मिला।

### सम्मानित शिक्षक ने कहा इसमें सभी का सहयोग

श्री सिंह ने शिक्षा को समाज से जोड़ते हुए बालिका शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण, पर्यावरण संरक्षण तथा जनसहभागिता के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया। वर्ष 2023 में उन्हें राज्य शिक्षक सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने के बाद श्री सिंह ने इसे विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, शिक्षा विभाग, प्रशासन और समुदाय के सहयोग का परिणाम बताया। राष्ट्रपति के हाथों मिला यह सम्मान सीधी जिले के लिए निश्चित रूप से ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

# गगन समीर अनल जल धरनी इन्ह कइ नाथ सहज जड़ करनी




नीकय आय कहगा हय कि जउन पांच तत्व से मिलकर इया तन बना हय उनखे अपन स्वरूप मा केहू कउनव मेर से अधिकार नाही कर सकय. ऐहि से तुलसीबाबा लिखि गे हय गगन समीर अनल जल धरनी। इन्ह कइ नाथ सहज जड़ करनी. कुल मिलाय कै हमार मानब यहया हय की जउन कुछु पाछे दिनन विन्ध्य मा भा वा पर कोहू का जोर नाही चल सकय. विग्यान केतो तरक्की कर ले पर नीक-नीक इया नाही बता सकय की किन्हा इंद्र भगवान कहाँ अउर केता बरसाय देहय. कहत हय की देउ कै महिमा कबहू कोउ नाही लख पइसा. फेर जउन हमार गंगा माता मन्दकिनी कीन्हिस वा आज कै सगले ग्यान का अइसन पानी मा बहाइस की ओखर घाव भरय मा कइउ बरिस लग जहिहय. इया मा पुरखन कै कुछु बातन का सुध राखा चाही रहा हय. देउतन कै कउनव जग्घा मा उं कउनव मेर कै बदलाव कै पक्ष मा नाही रहे.अब कै रीति नीति सब उलट होइगे हय. हम इया मानित हय की अब जन खूब लक कै हय.फेरो इया सोच होय चाही की सब साधन सब जग्घा होय चाही इया आपन सोच बदलय का परि नाही ता कुछु दिनन मा मनई चिन्हरि देखय इया मेर कै स्थान मा जई. ऐसे की जब भगवान खुदय स्थानन का इया मेर से बहाय देहय ता केवल चिन्हरि बाची. इया बेरी मन्दकिनी से निकरी गाद सबसे अधिक चिंता मा डार दीन्हिस हय. अगर बारू निकारय बारे येही मेर से नदी-नार का खोद खन डरि हय ता बूड़ा मा निकरी गाद मनई कै जीव लई लेई. अपनो पाच्य इया पर सोचव ऐसे की इया मेर का बूड़ा पहली बेरी ना आय चढा हय. सब दिन बारिस, दूई बारिस मा बूड़ा चढत रहा हय पर दूई-चार हाथ गाद कबहू कउनव नदी-नार से बहिरे नाही निकरी.इया पर रोक लगव जरूरी हय नाही ता इया विकास विनास कै कगार पर पहुँचामय मा देर ना लगाई.

# भाजपा की जेम्बो जिला कार्य समिति की सूची जारी

## सूची में 61 कार्यसमिति, 26 विशेष आमंत्रित सदस्य

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 सितम्बर। भारतीय जनता पार्टी में लंबे इंतजार के बाद सिंगरौली जिला कार्यसमिति, विशेष आमंत्रित एवं स्थायी आमंत्रित सदस्यों के नामों की घोषणा कर दी गई है। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से सूची जारी की। समिति की घोषणा में एक साल से अधिक समय लगने को लेकर अब राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।**

घोषित स्थायी आमंत्रित सदस्यों में कांतदेव सिंह, मंत्री राधा सिंह, सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक कुंवर सिंह टेकाम, राजेंद्र मेश्राम, विश्वामित्र पाठक, रामनिवास शाह, भाजपा नेता गिरीश द्विवेदी, प्रेमवती खैरवार, वीरेंद्र गोयल, रामलल्लू बैस, अमर सिंह, सुभाष वर्मा, रामसुमिरन गुप्ता और सीवेन्द्र बहादुर सिंह को शामिल किया



गया है। जिला कार्यसमिति में कुल 61 सदस्यों, जबकि विशेष आमंत्रित सदस्यों में 26 नेताओं को स्थान दिया गया है। लंबे इंतजार के बाद जारी हुई सूची को लेकर पार्टी के भीतर भी अलग-अलग तरह की चर्चाएं हैं। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक समिति के गठन में एक साल से अधिक समय लगना महज संगठनात्मक प्रक्रिया नहीं, बल्कि इसके पीछे स्थानीय राजनीतिक समीकरण और विभिन्न स्तरों पर सहमति बनाने जैसे कई मायने भी निकाले जा रहे हैं। हालांकि पार्टी की ओर से देरी को लेकर कोई अलग कारण सामने नहीं आया है।

# कांग्रेस के छात्र संगठन ने अस्पताल में किया प्रदर्शन

## अस्पताल ने घटना को दुर्लभ चिकित्सकीय घटना बताया

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 सितम्बर. संजयगांधी अस्पताल में शनिवार को हुए घटनाक्रम के बाद कांग्रेस के छात्र संगठन भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर घटना से जुड़े तथ्यों को स्पष्ट करने की मांग की.**

गौर तलब है कि संजय गांधी अस्पताल मे जीवित को मृत घोषित करने का मामला सामने आया है. पीड़ित परिजनों के समर्थन मे बैठे एनएसयूआई



कार्यकर्ता अस्पताल परिसर में ही आक्रोशित होकर 4 घंटे से प्रदर्शन कर रहें. छात्र संगठन के अस्पताल मे हुए प्रवेश को पुलिस ने बल पूर्वक हटाया. मौके पर मौजूद सीएसपी रितु उपाध्याय ने बाद में छात्रों को बल पूर्वक अस्पताल परिसर से बाहर किया. इस दौरान अस्पताल के नवनियुक्त अधीक्षक प्रियंक मिश्रा ने स्पष्टीकरण भी देकर छात्रों को संतुष्ट कराने का प्रयास किया. इस मामले में देर शाम अस्पताल की ओर से विभागाध्यक्ष डा. पीके बघेल ने विज्ञप्ति जारी कर इस घटना को दुलर्भ चिकित्सकीय घटना बताया है. उन्होने यह भी स्पष्ट किया है कि मरीज की श्वास रुक चुकी थी इसी के बाद मौके पर मौजूद रेसीडेंट डा. ने उसे मृत घोषित किया. लेकिन बाद में जब मरीज का रक्त संचार पुन: प्रारंभ हो गया तो उसे गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया.

# बदवार स्टैंड के पास अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक गंभीर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 सितम्बर. नेशनल हाईवे 39 रीवा सीधी मार्ग पर गुढ थाना क्षेत्र अंतर्गत बदवार स्टैंड के समीप आज दोपहर लगभग 1:40 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा घटित हुआ।**

तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों द्वारा थाना गु? पुलिस एवं एम्बुलेंस को सूचना दी गई गौर करने वाली बात यह है कि यह घटना ठीक उसी स्थान पर हुई है जहाँ बीते दिनों बस और बल्कर के बीच भीषण भिड़ंत हुई थी। उस हादसे में कई लोगों की मृत्यु हो गई थी और कई गंभीर घायल आज भी अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं।

# सेंट्रल जेल में पन्ना के कैदी की इलाज के दौरान मौत

नवभारत न्यूज

**सतना, 5 सितम्बर. केन्द्रीय जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे 44 वर्षीय बंदी मुनीम आदिवासी की शनिवार दोपहर जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई. बंदी लंबे समय से क्षयरोग से ग्रसित था**

जानकारी के अनुसार, पन्ना जिले के शाहनगर तहसील अंतर्गत ग्राम पटना निवासी मुनीम पिता हीरा आदिवासी (उम्र 44 वर्ष) को न्यायालय पवई ने धारा 302 भादवि के मामले में 14 दिसंबर 2022 को



आजीवन कारावास और एक रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई थी. पवई सब जेल से उसे 5 फरवरी 2023 को शेष सजा भुगतने के लिए केन्द्रीय जेल स्थानांतरित किया गया था. कैदी की तबीयत खराब होने पर उसे 29 अगस्त को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, जहां से 31 अगस्त को डिस्चार्ज कर वापस जेल लाया गया. इसके बाद 3 सितंबर को दोबारा जांच कराने पर उसमें क्षयरोग की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद जेल अस्पताल में डॉक्टर की सलाह पर उसका उपचार चल रहा था. शनिवार 5 सितंबर दोपहर करीब 1:00 बजे अचानक उसका स्वास्थ्य ज्यादा बिगड़ गया. जहां इलाज के दौरान दोपहर 1:23 बजे चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

# कल्पना की लड़ाई में चौथे दिन सेमरिया विधायक व पूर्व विधायक पहुंचे, 6 घंटे मौन रह जताया असंतोष

## कहा यह सिर्फ परिवार नहीं पूरे रीवा की लड़ाई, दोषी डॉक्टरों पर एफआईआर की मांग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 सितम्बर. शहर के सिरमौर चौक पर मृतक कल्पना मिश्रा को न्याय दिलाने के लिए चल रहे आमरण अनशन को राजनीतिक समर्थन मिला। अनशन के चौथे दिन आज सेमरिया विधायक अभय मिश्रा और कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना भी धरने में शामिल हुए।**

दोनों नेताओं के धरना स्थल पर पहुंचते ही आंदोलन को और मजबूती मिली। आज सैकड़ों की संख्या में आम लोग भी धरने में शामिल हुए और पीड़ित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर न्याय की मांग की। सिरमौर चौक पर दिन भर न्याय की हुंकार गूंजती रही। न्याय की मांग के समर्थन में विधायक अभय मिश्रा और पूर्व



विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना ने अनोखे तरीके से विरोध जताया। दोनों नेताओं ने धरना स्थल पर ही 6 घंटे का मौन व्रत रखा। मौन रहकर उन्होंने सरकार और अस्पताल प्रबंधन की चुप्पी पर करारा प्रहार किया। इस दौरान पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना ने कहा कि कल्पना मिश्रा की मौत केवल एक हादसा नहीं, बल्कि सिस्टम की हत्या है। यह सिर्फ एक परिवार की लड़ाई नहीं है, यह पूरे रीवा की स्वास्थ्य व्यवस्था की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि अगर आज दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो कल फिर कोई कल्पना इस लापरवाही का शिकार बनेगी।

वहीं सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने भी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कही और कहा कि जब तक दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती, वे इस लड़ाई में परिवार के साथ खड़े हैं।

### परिजनों ने भी दोषियों के विरुद्ध एफआईआर की मांग की

गांधी मेमोरियल अस्पताल में प्रसूता कल्पना मिश्रा और उसके नवजात की मौत के बाद से सिरमौर चौक पर आमरण अनशन चल रहा है। परिजनों की मांग बिल्कुल साफ है- दोषी डॉक्टरों पर हत्या की स्नद्बक्रदर्ज हो, उनका लाइसेंस रद्द किया जाए और नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री इस्तीफा दें आमरण अनशन पर मृतका के पिता रामशिरोमणि और भाई सहित परिवार के लोग बैठे हुए है

# सेवानिवृत्त शिक्षक के ऊपर तहसीलदार ने कराई एफआईआर

## एससी-एसटी समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**सीधी, 5 सितम्बर. जिले के चुरहट तहसीलदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए 64 वर्षीय सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक संतमुनि शर्मा ने कलेक्टर विकास मिश्रा को आवेदन देकर अपने विरुद्ध दर्ज एफआईआर की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।**

शर्मा का आरोप है कि भूमि के खसरा रिकॉर्ड में नाम सुधार के मामले में सही प्रतिवेदन भेजने के एवज में उनसे कथित तौर पर 50 हजार की मांग की गई। राशि देने में असमर्थता जताने के बाद गलत प्रतिवेदन भेजे जाने का आरोप उन्होंने लगाया है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है।




ग्राम टकटैया निवासी संतमुनि शर्मा शासकीय माध्यमिक विद्यालय सांड़ा के प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम सर्रा स्थित उनकी भूमि आराजी क्रमांक 792 एवं 793/1 में नाम दो बार दर्ज हो गया था। किसान आईडी में भूमि की प्रविष्टि नहीं होने पर उन्होंने नाम सुधार के लिए एसडीएम न्यायालय चुरहट में आवेदन दिया था।

### सोशल मीडिया में वीडियो पोस्ट कर न्याय की गुहार

सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक संत मुनि शर्मा द्वारा सोशल मीडिया में जारी किया गया वीडियो सभी के सामने एक बेहद गंभीर और चिंताजनक स्थिति रखता है। वीडियो में उन्होंने अपने साथ हुई पूरी घटना को विस्तार से बताते हुए न्याय की गुहार लगाई है तथा मानसिक रूप से अत्यंत परेशान होकर आत्महत्या जैसा कदम उठाने की बात कही है।

### इनका कहना है

मामले का संज्ञान लिया गया है और जांच की जा रही है। यदि तहसीलदार या किसी अन्य अधिकारी की ओर से कोई त्रुटि सामने आती है तो उसे सुधारने का प्रयास किया जाएगा।

**अजय शर्मा**
एसडीएम चुरहट

# अतिवृष्टि से गिरे गरीबों के आशियाने, सरकार तत्काल दे आर्थिक सहायता : ज्ञान

नवभारत न्यूज

**सीधी, 5 सितम्बर. जिले में पिछले एक माह से लगातार हो रही बारिश और अतिवृष्टि ने गरीब परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।**

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कई कच्चे और पक्के मकान क्षतिग्रस्त होकर गिर गए हैं, जबकि अनेक घरों में पानी भरने से लोगों का घरेलू सामान बर्बाद हो गया है। मकानों के क्षतिग्रस्त होने के साथ ही प्रभावित परिवारों की आजीविका भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। ऐसे परिवारों के सामने रहने और दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने ग्राम



उपनी, ग्राम कुचवाही, जनकपुर, शैरपुर, ह?ब?ी, कोठार, भमरहा, पिपरोहर एवं कोठार सहित क्षेत्र का भ्रमण कर बारिश से प्रभावित परिवारों और क्षतिग्रस्त मकानों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं और मांगों को जिला प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा।

# लौर पुलिस का सघन वाहन चेकिंग अभियान

**देवतालाव, 5 सितम्बर.** थाना प्रभारी रीना सिंह के नेतृत्व में लौर पुलिस द्वारा क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की जांच की गई तथा वाहन चालकों के दस्तावेज, हेलमेट और यातायात नियमों के पालन की जांच की गई। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की समझाइश भी दी। पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना बताया गया।

# चोरी के लोहे से लदी पिकअप जब्त, चालक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 सितम्बर। थाना सरई पुलिस ने चोरी के लोहे का सामान पिकअप वाहन में लोड कर परिवहन करते पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए वाहन क्रमांक एमपी 66 जी 2248 को जप्त किया है। वाहन चालक जितेंद्र कुमार गुप्ता पिता कन्हैयालाल गुप्ता उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम रेलवे स्टेशन रोड सरई को पकड़ा गया।**

पुलिस के अनुसार 4 सितंबर को कस्बा एवं इलाका गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त पिकअप में चोरी का सामान लोड कर रेलवे स्टेशन रोड सरई से कस्बे की ओर




ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने गवाह रामनरेश जायसवाल एवं प्रमोद गुप्ता के साथ रेलवे तिराहा सरई पहुंचकर पिकअप को रोका। तलाशी लेने पर वाहन में लोहे का पुराना सामान मिला। चालक से सामान एवं वाहन के दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह मौके पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। चोरी का संदेह होने पर पिकअप एवं सामान जप्त कर थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया तथा न्यायालय में पेश किया जा रहा है। जप्त सामग्री में छड़, एंगल, सरिया, वाहन के मशीनरी पार्ट, लोहे के खंभे आदि शामिल हैं। वाहन सहित जप्त सामान की कुल कीमत करीब 5 लाख रुपये है। मामले में धारा 106(1)बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई।

आरोपी जितेंद्र कुमार गुप्ता के विरुद्ध थाना सरई में पूर्व में भी अपराध के तहत धारा 379, 34 भादवि एवं धारा 379, 34 भादवि के मामले दर्ज हैं। उक्त कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह मर्सकोले के नेतृत्व में हुई, जिसमें सउनि बबन सिंह, प्रआर लक्ष्मीकांत साहू, आर अनुराग मिश्रा, महेश गुर्जर एवं आर मयंक हिरवाने की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**Recruitment**

WANTED ENGINEERS, A reputed company in Pune requires Apprentice Mechanical Engineers, Mechanical Engineers with 1 – 2 years experience, for their plants in Chakan, Pune. Call 9822301629 or send resume at ajaykaul01@gmail.com

# पांच हजार से अधिक आबादी वाली पंचायतों को परिषद की तर्ज पर किया जाएगा विकसित : संघ प्रिय

## जिपं सीईओ ने किया ग्राम पंचायत खुटार एवं ढेंकी का निरीक्षण, आय के स्त्रोतों तथा उपलब्ध संसाधनों को लेकर हुई विस्तृत समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 सितम्बर। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र एवं सुनियोजित विकास की दिशा में जिला पंचायत द्वारा विशेष पहल की जा रही है।**

इसी क्रम में जिपं सीईओ संघ प्रिय आईएएस द्वारा ग्राम पंचायत खुटार एवं ग्राम पंचायत ढेंकी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विकास कार्यों,



पंचायत की आय के स्रोतों तथा उपलब्ध संसाधनों की विस्तृत समीक्षा की गई। सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम पंचायत खुटार में पंचायत की स्वयं की आय के स्रोतों की जानकारी लेते हुए आय बढ़ाने के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए। पंचायत में उपलब्ध राशि से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माणाधीन मीटिंग हॉल एवं 9 दुकानों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ग्राम पंचायत में स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए घरों एवं मार्केट क्षेत्र से नियमित कचरा संग्रहण व्यवस्था प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके लिए डीजल आधारित कचरा संग्रहण वाहन क्रय करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि जिले के 5000 से अधिक आबादी वाले ग्राम पंचायतों में आगामी एक माह के भीतर संपत्ति कर एवं जल कर की वसूली तथा कचरा संग्रहण व्यवस्था प्रारंभ की जाए। उन्होंने कहा कि अधिक आबादी वाले ग्राम पंचायतों में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए उन्हें नगर परिषद की तर्ज पर विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाए। इसके लिए स्वच्छता, राजस्व संग्रहण एवं मूलभूत नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए।

### अनियमितता की शिकायत को सीईओ ने जांचा

खुटार पंचायत में निर्माण कार्यों में अनियमितता संबंधी प्राप्त शिकायतों के संबंध में सीईओ जिला पंचायत द्वारा संबंधित कार्यों का मौके पर निरीक्षण कर जांच की गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जांच में अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला पंचायत न्यायालय से संबंधित मामलों में वसूली योग्य राशि की वसूली के लिए कार्यालयीन दिवस में संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शासकीय राशि एवं विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा .

### सीईओ ने क्षतिग्रस्त पुलिया का किया निरीक्षण

तत्पश्चात सीईओ जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत ढेंकी का निरीक्षण किया गया। यहां आवागमन के मार्ग में क्षतिग्रस्त पुलिया के समीप हो रहे मिट्टी कटाव का अवलोकन करते हुए मिट्टी कटाव रोकने के लिए रिटेनिंग वॉल निर्माण के निर्देश दिए गए। उन्होंने पंचायत सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर भवन में पानी के रिसाव की समस्या का तत्काल निराकरण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत बैढ़न अजीत बरबा सहित संबंधित सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन**
**टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च**
**नेशनल ओलंपियाड प्रोग्राम 2026-2027**
**एस्ट्रोनॉमी, बायोलॉजी, केमिस्ट्री, फि ज़िक्स, जूनियर साइंस में**

इस प्रोग्राम में हिस्सा लेने के इच्छुक सभी स्टूडेंट्स को 21 और 22 नवंबर, 2026 को संबंधित नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन (NSEs) (साइंस विषयों के लिए) में शामिल होना होगा, जो इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिज़िक्स टीचर्स (IAPT) द्वारा आयोजित किए जाते हैं।

NSE में क्वालिफाई करना, 2027 के संबंधित इंटरनेशनल ओलंपियाड में हिस्सा लेने की दिशा में पहला कदम है।

एनरोल करने के लिए: NSEs: https://www.iapt.org.in (21 अगस्त - 14 सितंबर, 2026)

अधिक जानकारी के लिए: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

CBC48143/11/0006/2627

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99